DOTUP-TTOPOLI/12/2024-UPTTT

/33239/2024

# पर्यटन निदेशालय, उत्तर प्रदेश

सी–13, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक सं0– 8808 / 15–1–1773 / ऐश्प्रा / सब्सिडी / 2024 दिनांक 15 फरवरी, 2024

–:कार्यालय आदेशः–

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं बहुमुखी विकास हेतु शासनादेश सं0–588 / 2022 / 3956 / 41–2022–237(सा0) / 2022 दिनांक 23.11.2022 के माध्यम से उ0प्र0 पर्यटन नीति 2022 प्रख्यापित की गई है। जिसके अन्तर्गत प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहन, लाभ, छूट एवं अनुदान प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गयी है।

**श्री अनूप सराफ, निदेशक, ऐश्प्रा रिसॉर्ट्स सॉल्यूशन्स प्रा0 लि0** द्वारा जनपद गोरखपुर में पर्यटन इकाई **होटल "ऐश्प्रा रिसॉर्ट्स सॉल्यूशन्स प्रा0 लि0", गोपी गली, हिन्दी बाजार, गोरखपुर–273005** हेतु पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत कैपिटल सब्सिडी प्रदान किये जाने हेतु निर्मित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। शासनादेश सं0–215 / 2023 / 1508 / 41–2023 –237(सा0) / 2022 दिनांक 21.03.2023 द्वारा अनुमोदित संचालन नियमावली के प्रस्तर 11.8 में पर्यटन नीति 2022 के अन्तर्गत सब्सिडी हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण / जाँच किये जाने हेतु संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। उक्त क्रम में **श्री अनूप सराफ, निदेशक, ऐश्प्रा रिसॉर्ट्स सॉल्यूशन्स प्रा0 लि0** द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में पर्यटन इकाई होटल "ऐश्प्रा रिसॉर्ट्स सॉल्यूशन्स प्रा0 लि0", गोपी गली, हिन्दी बाजार, गोरखपुर–273005 के सब्सिडी प्रस्ताव के परीक्षण हेतु निम्नवत समिति का गठन किया जाता है:–

1. जिलाधिकारी, गोरखपुर। — अध्यक्ष
2. मुख्यालय द्वारा नामित विभागीय अधिकारी– श्री बीरेश कुमार, उप निदेशक पर्यटन, मु0। — सदस्य
3. क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, गोरखपुर। — सदस्य
4. पर्यटन निदेशालय द्वारा नियुक्त चार्टेड एकाउंटेट– मे0 एस0एन0 गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स, लखनऊ। — सदस्य
5. पर्यटन निदेशालय द्वारा नियुक्त चार्टेड इन्जीनियर / वैलूवर–मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स वैल्यूअर एण्ड टेक्नो इंजीनियरिंग प्रा0लि0, नोएडा। — सदस्य

उक्त समिति होटल "ऐश्प्रा रिसॉर्ट्स सॉल्यूशन्स प्रा0 लि0", गोपी गली, हिन्दी बाजार, गोरखपुर–273005 का निरीक्षण एवं प्रस्ताव का परीक्षण कर अपनी आख्या / संस्तुति अधोहस्ताक्षरी को एक माह में उपलब्ध करायेगी।

Signed by
Mukesh Kumar Meshram
Date: 14-02-2024 18:18:25
( मुकेश कुमार मेश्राम )
महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0।

पृ0प0सं व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी, गोरखपुर।
2. श्री बीरेश कुमार, उप निदेशक पर्यटन, मुख्यालय।
3. क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, गोरखपुर।
4. मेसर्स एस0एन0 गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स, 105 / 230, फूलबाग, हुसैनगंज, लखनऊ–226001।
5. मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स वैल्यूअर एण्ड टेक्नो इंजीनियरिंग प्रा0लि0, डी–39, द्वितीय तल, सेक्टर–2, नोएडा–201301।
6. श्री अनूप सराफ, निदेशक, ऐश्प्रा रिसॉर्ट्स सॉल्यूशन्स प्रा0 लि0, गोपी गली, हिन्दी बाजार, गोरखपुर–273005।

आज्ञा से,
( मुकेश कुमार मेश्राम )
महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0।